तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 9 मार्च 2026



10 खरखरा जलाशय में पहली बार देखा गया बार हेडेड गुस



11 परीक्षा-परिणाम घोषित, बच्चों की मेहनत...






## खबर संक्षेप



### पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने जारी की कार्यकारिणी सूची

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पिछड़ा वर्ग मोर्च जिलाध्यक्ष श्याम जायसवाल एवं मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल डौंडीलोहारा के कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें मंडल उपाध्यक्ष उत्तम यदु, सीताराम गुप्ता, सुरेश देवांगन, रेमन अटल, महामंत्री प्रीतम साहू, अशोक सोनकर मंत्री, गोवर्धन यदु, भागवत साहू, धनीराम कौशिक, कोषाध्यक्ष देवा देवांगन सह कोषाध्यक्ष चैन सिंह निर्मलकर, मीडिया प्रभारी देवनारायण साहू, सहमीडिया प्रभारी उमेश देशमुख, सोशल मीडिया अनिल पटेल, सहसोशल मीडिया चंद्र कुमार पटेल कार्यालय मंत्री खूबलाल देशमुख सहकार्यालय मंत्री मोहन कौशिक, कार्यकारिणी सदस्य अभय साहू, डोमेश्वर देशमुख,गणपत कौशिक,दीपक साहू,दुर्योधन यादव, लखन साहू,अंजोर यादव,हेमलाल सिन्हा,देवेंद्र सार्वा, राजू कुम्हार, तूकेश साहू,रैन सिंह साहू, आदि कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पैरालीगल वालेंटियरों की हुई मासिक बैठक



**बालोद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार–प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्यामलाल नवरत्न, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप के द्वारा पैरालीगल वालेंटियरों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पैरालीगल वालेंटियरों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने और विधिक जागरूकता बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर पैरालीगल वालेंटियरों को समाज के जरूरतमंद एवं कमजोर वर्गों तक विधिक सेवाओं की जानकारी पहुँचाने तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार–प्रसार करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में सभी पैरालीगल वालेंटियर उपस्थित रहे।

### आयोग में 7 जिलों के 113 प्रकरणों की सुनवाई 11 को

**दुर्ग।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को त्वरित राहत और न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महा जन-सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। दुर्ग संभाग की जनसुनवाई 11 मार्च को प्रेरणा सभाकक्ष जिला महिला एवं बाल विकास विभाग परिसर दुर्ग में आयोजित होगी। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष जनसुनवाई में दुर्ग संभाग के सात जिलों के कुल 113 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। इनमें दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, कबीरधाम, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों के मामले शामिल हैं। राज्य महिला आयोग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगभग 370 जनसुनवाई आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें करीब 8000 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया है।

---

**नागालैंड अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में दी सांस्कृतिक प्रस्तुति**

# संजू और उनकी टीम ने मध्य-दक्षिणी महोत्सव में किया छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नागालैंड अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में मध्य दक्षिणी महोत्सव में ग्राम तवेरा गुण्डरदेही के संजू कुमार सेन और उनकी टीम ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। महोत्सव का संचालन जिले के कलाकार वेदप्रकाश साहू ने किया।

संस्कृति मंत्रलय भारत सरकार द्वारा 26 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित मध्य दक्षिणी महोत्सव की शुरुआत 26 और 27 फरवरी को डिमापुर नागालैण्ड में हुई। जहां पूर्वोत्तर भारत के सभी राज्यों के साथ मध्य दक्षिणी भारत के 5 राज्य महाराष्ट्र मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ कर्नाटक तेलंगाना के कलाकार शामिल होकर अपने अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिसमें से छत्तीसगढ़ राज्य से ग्राम तवेरा गुण्डरदेही के युवा लोक वाद्य संग्राहक संजू कुमार सेन की टीम लोक वाद्य यंत्रें की जुगलबंदी के साथ छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रही है, जिनके पास 160 प्रकार के वाद्य यंत्र है। मध्य दक्षिणी महोत्सव 2026 के कार्यक्रम का संचालन हमारे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य के एंकर ग्राम खलारी के वेदप्रकाश साहू कर रहे हैं।

### लोक वाद्य यंत्रों की जुगलबंदी से राज्य का नाम रोशन



#### ये हुए शामिल

2 और 3 मार्च को नामसाई अरुणाचल प्रदेश व 5 और 6 मार्च को मेघालय में मध्य दक्षिणी महोत्सव 2026 संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ से 11 कलाकार संजू कुमार सेन, वेदप्रकाश साहू, वेदप्रकाश वर्मा, लाकेश्वर, संदीप, शिवा, भुवनलाल, खुशबू, अमीषा, दामिनी साहू शामिल हुए।



---

**आयोजन : महिला एवं बाल विकास विभाग ने महतारी वंदन योजना की 25वीं किस्त का किया अंतरण**

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बालोद में महतारी सम्मेलन, 22 करोड़ से अधिक का वितरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बालोद जिले के सभी 8 परियोजनाओं में महतारी सम्मेलनों का आयोजन किया गया।

■ महिलाओं की स्वास्थ्य जांच और सम्मान कार्यक्रम से सशक्तिकरण पर जोर

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जनपद पंचायत बस्तर के मिनी स्टेडियम में आयोजित वृहद महतारी वंदन सम्मेलन से वर्चुअली जुड़कर महतारी सम्मेलनों में उपस्थित महिलाओं को संबोधित किया एवं महतारी वंदन योजना के 25वें किश्त के रूप में बालोद जिले के 02 लाख 47 हजार 572 हितग्राहियों के खाते में कुल 22 करोड़ 78 लाख 79 हजार 300 रूपये की राशि का अंतरण किया गया।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बटन दबाकर राज्य के 68 लाख 48 हजार 744 हितग्राहियों के खाते में महतारी वंदन योजना के 25वें किश्त की कुल 641.5 करोड़ रूपये की राशि का अंतरण किया। इस मौक पर महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला। साय ने राज्य में महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना को राज्य के माता एवं बहनों को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण योजना बताया। समारोह में नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, जनपद सदस्य हेमलता साहू ▶▶| शेष पेज 10 पर

### समाज के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है महिलाएं : कांति

गुण्डरदेही समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी ने कहा कि आज हमारे माताएं, बहनें प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए राष्ट्र एवं समाज के नवनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। प्रमोद जैन ने कहा कि घर, परिवार से लेकर राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में महिलाओं का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा महिलाओं के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने बाल विवाह को एक सामाजिक अभिशाप बताते हुए इसके रोकथाम के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु शपथ दिलाई।

### उपस्थित समस्त महिलाओं की स्वास्थ्य जांच

डौंडी विकासखण्ड के अंतर्गत परियोजना 02 में आयोजित समारोह में नगर पंचायत चिखलाकसा के अध्यक्ष कुंती देवांगन, भिखी मसिया एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रें में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महिलाओं को सम्मानित करने के अलावा गर्भवती माताओं का स्वास्थ्य जांच तथा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओं का एनीमिया जांच भी किया गया।

---

# जमरूवा में झगड़े के बाद दोनों पक्षों ने कराई काउंटर रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो पक्षो में गाली गलौज व मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिसके बाद दोनो ही पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

■ घायल ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई

जमरूवा निवासी कोमेश कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि 4 मार्च की शाम गांव के कलामंच के पास था वही पर बिरेन्द्र कुमार के साथ बातचीत करते मजाक कर रहा था तभी उसके साथ उपस्थित आशीष कुमार साहू ने जबरदस्ती मुझे गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किये जिससे मेरे बाये पैर, पंवरी व शरीर के अन्य हिस्सो में चोट आकर दर्द है। पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जमरूवा निवासी आशीष साहू ने पुलिस को बताया कि 4 मार्च की शाम गांव के कलामंच के अपने दोस्त बिरेन्द्र साहू के साथ बैठा था तभी सामने से गांव के कोमेश साहू आकर जबरदस्ती मेरे मोटर साइकिल के सामने चक्का को उठाकर नीचे पटक देने से मेरे द्वारा मना करने पर अपने दोस्त भानु साहू और नरेन्द्र देवांगन के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं लाठी से मारपीट किए जिससे मेरे सिर दोनो हाथ के कोहनी, पीठ एवं कमर में चोट आया है। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# गाली गलौज करने से मना करने पर की मारपीट, चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** अपने भाई को गाली गलौज कर रहे लोगो को मना करने पर चार लोगो ने व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। देवी नवागांव निवासी हेमन्त कुमार ने पुलिस को बताया कि 04 मार्च की शाम अपने घर से मोटर साइकिल से नेवारीकला के पारस साहू को उसके घर छोडने जा रहा था, दौरान सतनामी पारा नेवारीकला मेन रोड में मेरे भाई परमेश्वर यादव को दीपक बक्सी, हलेन्द्र बक्सी एवं टेकापार के 02 व्यक्ति चारो मिलकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर रहे थे, बीच बचाव करने के लिये मै और पारस साहू गये और मेरे द्वारा मेरे भाई को क्यो मार रहे हो बोलने पर हम दोनो को भी गाली गलौज करते जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किये है। जिससे मेरे नाक में चोट आया है।

---

# फाग प्रतियोगिता के दौरान महिला कमांडों पर हमला, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

होली के दौरान अशांति फैला रहे व्यक्ति को शांत करने पहुंची महिला कमांडो को व्यक्ति ने शराब की टूटी कांच से हमला कर घायल कर दिया। जिसके बाद पीड़ित महिला ने व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम भण्डेरा निवासी फगनी कुर्रे ने पुलिस को बताया कि 5 मार्च को हमारे गांव में फाग प्रतियोगिता का कार्यक्रम था, जिसमें महिला कमांडो को निमंत्रण देने पर महिला कमांडो अध्यक्ष मीना यादव, सचिव तामेश्वरी ठाकुर व महिला कमांडो सदस्य निर्मला साहू, रितेश्वरी ठाकुर, उत्तरा बाई देवांगन, गजेन्द्र बाई हल्बा, शांति हल्बा और मैं गये थे, शाम को ग्राम भण्डेरा मांझा खोर चौक के पास आम जगह में गांव के प्रेम हल्बा फाग प्रतियोगिता में अशांति पहुंचा रहा था, जिसे उसके जगह से उठाकर बाहर निकाले तो प्रेम हल्बा इसी बात को लेकर तामेश्वरी राणा को गालियां देने लगा जिसे तामेश्वरी राणा मना करी तो प्रेम हल्बा ने तामेश्वरी राणा को तुझे आज जान से मार दुंगा की धमकी देते हुये शर्ट के जेब में रखे शराब की टुटे हुये सीसी से तामेश्वरी राणा के बांये गाल को मारा जिससे बांय गाल व बांये कान के पास चोंटे आकर खून निकला है, तामेश्वरी राणा को उपचार हेतु शासकीय अस्पताल ले गये हैं।

■ शराब की टूटी कांच से किया हमला, घायल हुई महिला

---

# जनगणना को लेकर जिले में शुरू हुई डिजिटल तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में भारत की जनगणना 2027 को पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न कराने की तैयारी जिले में शुरू हो गई है। इसी तारतम्य में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना के प्रथम चरण के कार्यों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य में जनगणना 2027 के प्रथम चरण में 1 से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। इस कार्य को त्रुटिहीन और सुव्यवस्थित ढंग से डिजिटल माध्यम से पूरा करने के लिए अधिकारी–कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

■ 1 से 30 मई तक होगा मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य



### ये रहे उपस्थित

बैठक में जिला जनगणना अधिकारी अजय किशोर लकरा, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी और ग्रामीण क्षेत्रें के चार्ज अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में 17 मार्च को सुबह 10.30 बजे से शाम 05 बजे तक एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

---

**विधायक ने होली को बताया प्रेम और एकता का प्रतीक**

**अंतिम मतदाता सूची की विसंगतियों को सुधारने के दिए निर्देश**

# गुण्डरदेही में होली मिलन समारोह अंतिम मतदाता सूची की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही द्वारा साहू सदन गुण्डरदेही में होली मिलन समारोह एवं मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संपन्न होने पश्चात अंतिम मतदाता सूची का समीक्षा किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक कुंवरसिंह निषाद ने कहा कि होली जैसा हृदय को आनंदित कर देने वाला अन्य कोई पर्व नही है। होली पर हर व्यक्ति रंग में रंगा होता है, जिससे अमीर–गरीब, जात–पात का भेदभाव मिट जाता है जो कि प्रेम और एकता का प्रतीक है। एसआईआर प्रक्रिया में प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची को समस्त कांग्रेसजनों से सूक्ष्मता से विश्लेषण कर जो भी विसंगति रह गई है उसे आगामी अप्रैल माह में होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में मुस्तैदी से कार्य कर ठीक करवाने हेतु प्रत्येक बूथ में 2 बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का दिशा निर्देश ब्लॉक अध्यक्ष को दिया गया। चूंकि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लगातार विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से लोकतंत्र की मूल आत्मा संविधान पर हमला किया जा रहा है, जिसका कांग्रेस पाटऍं हमेशा रक्षा करने हेतु प्रतिबद्ध है।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संजय साहू, केके राजू चंद्राकर, जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के नवनियुक्त उपाध्यक्ष संजय बारले, महामंत्री भोजराज साहू, सलीम खान, नुरुल्ला खान, निर्मला पाटिल, सुचित्र साहू, महामंत्री तामेश्वर देशमुख, मंडल अध्यक्ष सलीम खान, मानसिंग देशलहरा, तरुण पारकर, शिवकुमार साहू रिजवान तिगाला सहित बूथ अध्यक्ष एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

---

# लोक अदालत में बीमा क्लेमों के त्वरित निपटान के लिए हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार–प्रसार हेतु तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्यामलाल नवरत्न के द्वारा बीमा कंपनियों के अधिवक्ताओं के साथ राष्ट्रीय नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को अधिक से अधिक क्लेम प्रकरणों के निराकरण कराने के संबंध में बैठक आयोजित किया गया।

बैठक में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप एवं बीमा कंपनियों के अधिवक्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर जानलेवा हमला करने वाली दो महिलाएं गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** शराब पीने पैसा नहीं देने पर प्रार्थी से मारपीट किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 मार्च को प्रार्थी संजय मंडावी 30 वर्ष निवासी फ्लाई ओवर के नीचे पोस्ट आफिस चौक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक 3 मार्च की रात्रि 12 बजे आरोपी आनंद बिहारी एवं दो महिलाओं द्वारा उसे एवं उसके परिजन को शराब पीने के लिए पैसा मांगे, नहीं देने पर मां-बहन की अश्लील गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर डंडा, फायबर का बेत से ताबड़तोड़ हमला कर इसे व इसके परिजनों को गंभीर रूप से चोंट पहुंचाने से ईलाज हेतु पेंड्री स्थित अस्पताल में भर्ती होना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351 (3), 109 (1), 119 (1), 3 (5) बीएनएस कायम कर मामले की गंभीरता को देखते वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

### जालबांधा कॉलेज का बनेगा भवन, 1 करोड़ रुपए मंजूर

**जालबांधा।** क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने बजट में शासकीय महाविद्यालय जालबांधा के भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। पहले चरण के लिए 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है। भवन निर्माण के साथ महाविद्यालय में आधुनिक कक्षा, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का विकास हो सकेगा। जानकारी के अनुसार जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू और सदस्य लंबे समय से भवन निर्माण की दिशा में प्रयास कर रहे थे। उनके प्रयासों से भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। श्री साहू ने कहा कि वर्षों से महाविद्यालय के भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब स्वीकृति मिलने के बाद उम्मीद है कि निर्माण जल्द शुरू होगा। भवन की स्वीकृति मिलने पर जनभागीदारी समिति और क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री, प्रभारी मंत्री, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष और जिला पंचायत उपाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

### बच्चों ने पेड़ों के साथ मनाई होली

**छुईखदान।** प्राथमिक शाला जुझारा के बच्चों ने पेड़ो को गुलाल- रंग लगाकर होली मनाया। शाला नायक तनु वर्मा एवं ज्योति साहू की मार्ग दर्शन में सभी पेड़ो में पानी और खाद डालकर रक्षा करने की शपथ लिया गया। बच्चों ने पेड़ पौधों को गुलाल से तिलक लगाकर प्रकृति जोहार करते हुए देखभाल करने की शपथ ली।

## पेज 9 का शेष

### अंतर्राष्ट्रीय महिला ...

किरण तारम, पार्षद शैल महोबिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, नागरिकगण उपस्थित थे। इसी तरह बालोद परियोजना के अंतर्गत आयोजित समारोह में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया एवं नगर पालिका बालोद के पार्षदों के अलावा अन्य अतिथि उपस्थित थे। गुरुर में आयोजित समारोह में जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर, लक्ष्मी साहू एवं नगर पंचायत गुरुर के उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे। देवरी में आयोजित समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष कांति सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य प्रभा नायक एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे।
डौण्डीलोहारा में आयोजित समारोह में नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, जिला पंचायत सदस्य चुन्नी मानकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे। दल्ली राजहरा में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका दल्ली राजहरा के अध्यक्ष तोरण लाल साहू, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि शीतल नायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इसी तरह डौंडी परियोजना 01 में आयोजित समारोह में नगर पंचायत डौंडी के अध्यक्ष मोहंती चौरका एवं जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे।

**आयोजन : दल्लीराजहरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ**

# महिलाओं का सशक्तिकरण है सामाजिक विकास की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दल्लीराजहरा में महिला सशक्तिकरण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें न्यायिक सहायता की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपने अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बताया गया कि भारत का संविधान महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार प्रदान करता है। उन्हें शिक्षा, रोजगार, संपत्ति, सम्मानजनक जीवन, समान वेतन तथा सामाजिक सुरक्षा का अधिकार प्राप्त है। साथ ही महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से सुरक्षा, दहेज प्रताड़ना से बचाव, बाल विवाह निषेध तथा कानूनी सहायता प्राप्त करने जैसे कई महत्वपूर्ण अधिकार कानून द्वारा प्रदान किए गए हैं।

कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा अन्य महिला संरक्षण से जुड़े कानूनों की जानकारी दी गई।

इसके साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि यदि किसी महिला के साथ अन्याय होता है तो वह निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकती है।

### समग्र विकास की आधारशिला है महिलाओं का सशक्तिकरणः भारती कुलदीप

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव भारती कुलदीप ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक अभियान नहीं बल्कि समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर होती हैं तो परिवार के साथ-साथ पूरा समाज प्रगति करता है।
सचिव भारती कुलदीप ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। कई बार जानकारी के अभाव में महिलाएं अपने साथ होने वाले अन्याय को सहन करती रहती हैं, जबकि कानून उन्हें पूर्ण संरक्षण प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क कानूनी सहायता, परामर्श एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराता है, जिससे वे न्याय प्राप्त कर सकें।

## महिला दिवस पर हुई स्पर्धा में डौंडी लोहारा की छात्राओं ने हासिल किया द्वितीय स्थान





**डौंडीलोहारा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बालोद के सरयू प्रसाद स्टेडियम में आयोजित युवा महिला खेल प्रतियोगिता में शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय संजय नगर की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खो-खो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विकासखंड डौंडी लोहारा का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राएं गीतांजलि, रेशमा, निकिता, माधवी, विद्या, डालिमा, पायल, पूनम और तेजस्वी ने विकासखंड डौंडी लोहारा का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि बालोद नगर अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रेड क्रॉस सोसाइटी छत्तीसगढ़ के सभापति तोमन साहू द्वारा विजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों ने वरिष्ठ व्याख्याता एल.के. ठाकुर और सुश्री एनुका शार्वा के मार्गदर्शन में लगातार अभ्यास कर यह उपलब्धि हासिल की। छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए नगर के जैन युवा संगठन के ऋषि लोढ़ा एवं संयम लोढ़ा द्वारा टीम के लिए 12 नग निक्कर भी प्रदान किए गए थे, जिसके लिए विद्यालय के प्राचार्य वी.के. भंडारी एवं समस्त शाला परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया।

**इन्होंने दी शुभकामनाएंः** विद्यालय एवं विकासखंड का नाम रोशन करने पर एसएमडीसी अध्यक्ष लीलेंद्र सिन्हा, सदस्य फरीद सिद्दीकी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि संदीप लोढ़ा, व्याख्याता प्रदीप मेश्राम, डुप्ले साहू, लवण साहू, हेमपुष्पा नाईक, सौरभ शर्मा, हेमंत साहू, कपिल पटेल, व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र देहारी, हेमंत दखने, प्रीत ठाकुर और रीना देवांगन सहित अन्य लोगों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं।

## नारी शक्ति के सम्मान में गूंजे सशक्तिकरण के स्वर







**दल्ली राजहरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्ली राजहरा द्वारा नगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और समाज में उनकी भूमिका को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन की पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं डौण्डी लोहारा की विधायक अनिला भेड़िया रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने की। कार्यक्रम में पार्षद सुमरित उर्वषा, प्राची सिन्हा, पुसई बाई साहू, अनिता सोनवानी, मालती निषाद तथा पावेन्द कोडप्पा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

- दल्ली राजहरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य आयोजन

### क्यों मनाया जाता है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष 8 मार्च को पूरी दुनिया में महिलाओं के अधिकार, समानता और सम्मान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान को सम्मान देना तथा उन्हें समान अवसर दिलाने के लिए समाज को प्रेरित करना है। यह दिवस नारी सशक्तिकरण और महिला अधिकारों के प्रति जनजागरूकता का प्रतीक माना जाता है।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का दिया संदेश

मुख्य अतिथि विधायक अनिला भेड़िया ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, राजनीति, खेल, विज्ञान और प्रशासन सहित हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने महिलाओं से राजनीतिक और सामाजिक रूप से सक्रिय होकर समाज निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

**महिलाओं के योगदान से ही देश की प्रगति – हिरवानीः** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि महिलाएं देश की आधी आबादी हैं और उनके बिना समाज और राष्ट्र की प्रगति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना समय की आवश्यकता है।

**प्रेरणादायी संबोधन से किया मार्गदर्शनः** कार्यक्रम में समाजसेवी, राजनीतिक चिंतक एवं साहित्यकार डॉ. शिरोमणि माथुर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं बल्कि समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने महिलाओं को आत्मविश्वास और शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर दल्ली राजहरा क्षेत्र में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा स्वास्थ्य सेवाओं में सक्रिय मितानिन बहनों को मुख्य अतिथि विधायक अनिला भेड़िया और जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर कार्यकर्ताओं और मितानिन बहनों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे महिलाओं के सम्मान का प्रतीक बताया।

# रानी दुर्गावती बालिका फुटबॉल क्लब चिखली की खिलाड़ियों का सम्मान



**दल्लीराजहरा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पावन अवसर पर 8 मार्च को सरयु प्रसाद स्टेडियम में जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले की महिला खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन एवं जिला पंचायत बालोद के उपाध्यक्ष तोमन साहु शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार बालोद आशुतोष शर्मा ने की। इस अवसर पर वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में फुटबॉल क्लब दल्लीराजहरा के समीप चिखली की बालिकाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। महिला दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालोद द्वारा आयोजित जिला स्तरीय महिला खेल के तहत रानी दुर्गावती बालिका फुटबॉल क्लब चिखली की सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर सभी खिलाड़ियों ने जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

- दल्लीराजहरा में महिला दिवस पर हुई जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता

फुटबॉल के क्षेत्र में चिखली की बालिकाएं लगातार मेहनत और नियमित अभ्यास के बल पर राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुकी हैं। सभी खिलाड़ी क्लब के सचिव एवं शिक्षक चन्द्रशेखर पवार के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। खिलाड़ियों के सम्मानित होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौण्डी प्रवीण चतुर्वेदी, प्राचार्य विनिता सैनी, प्रधानपाठक असीम सक्सेना, सरपंच रम्हऊ राम तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ ने बालिकाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**समाजिक रीति–रिवाजों में सादगी और अनुशासन की दिशा में बड़ा कदम**

# गोंड़वाना समाज ने जन्म, विवाह और मृत्यु संस्कार में मांस-मदिरा पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

गोंडवाना समाज ब्लाक डौंडी की अहम बैठक में लिया गया कडा निर्णय जन्म संस्कार विवाह संस्कार, और मृत्यु संस्कार में मांस, मदिरा, पूर्ण तह प्रतिबंध लगाया गया है पालन नही करने पर घर प्रमुख, गांव प्रम डिगवार सर्किल प्रमुखों को देना पडेगा जवाब डौंडी ब्लाक के गोंडवाना समाज ने 17 सर्किल प्रमुखों एवं गांव प्रमुखों ब्लाक पदाधिकारियों की गोडवाना भवन डौंडी में आवश्यक बैठक रखी गई।

बैठक में समाज हित में महत्व पूर्ण निर्णय लिया गया कि अब समाजिक रिती रिवाजों में जन्म संस्कार, विवाह संस्कार, मृत्यु संस्कार मे मांस मदिरा पूर्ण तह प्रतिबंध किया गया है तीनों संस्कारों में अब सादा भोजन परोसा जायेगा विवाह में अनावश्यक बर्तन टीकना मना किया गया है । इसी प्रकार विवाह मंडप में कपड़ा बांटना भी मना किया गया है ।विवाह कार्य मंडप में ही सम्पन्न कराना अनिवार्य होगा तीनों संस्कारो में डी जे बाजा पूर्ण तह प्रतिबंध किया गया है अब सगाई अथवा लड़की पंसद करने के पश्चात असानी से नहीं छोड़ा जा सकेगा विवाह विच्छेद अब आसान नहीं होगा सामाजिक दंड का प्रावधान किया गया है मृत्यु संस्कार में मृतक शरीर अथवा शव पर परिजनों को छोड़ कर कोई अन्य सामाजिक गण कपड़ा के स्थान पर इच्छा अनुसार राशि चढ़ा सकते है ।चौवथिया डारा झराना, पीयर धोवाना प्रतिबंद किया गया है । अगामी बैठक में डौंडी ब्लाक में समाज के कोई भी व्यक्ति शराब की विनिर्माण व संग्रह नहीं करेगें इस पर निर्णय लिया जायेगा।

### ये रहे उपस्थित

आज बैठक में संभागीय अध्यक्ष मोहन हिडड़को, ब्लाक अध्यक्ष आत्माराम कौड़ो, कर्मचारी अधिकारी संभागीय अध्यक्ष श्यामसिंह कौड़ो, भोलाराम नेताम मुख्य सलाहकार, सोमेस सोरी आडिटर तुलेश्वर हिचामी, साधना सोरी अर्जुन कुमेटी, धन्नूनु नुरुटी, अमाय नुरुटी, सूरज दर्रो, विरेन्द मंडावी, चंदन मंडावी, राम भरोस दर्रो, अजब टेकाम, नेमसिंह, महेश नुरुटी, नरेश धुरवा, भोज नेताम रुधन धुरवा, हृदय राम कोवाची मानसिह दरपट्टी, आत्माराम तारम, लीला बाई सहित सर्किल अध्यक्षों एवं अनेक गांव प्रमुख उपस्थित रह।

### मजदूरी भुगतान 8 सप्ताह से लंबित

**सड़क अतरिया।** मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों को लंबे समय से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। मजदूरी के लिए मजदूर पंचायत एवं जनपद का चक्कर काट रहे हैं। जानकारी अनुसार क्षेत्र में बीते दो माह से मनरेगा के तहत काम चल रहे हैं। गांव के सैकड़ों मजदूर काम कर रहें हैं किन्तु बीते 8 सप्ताह से मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। जिला पंचायत सदस्य निर्मला विजय वर्मा ने इस मामले को लेकर भाजपा सरकार को मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि जब केन्द्र में कांग्रेस की सरकार था तब पलायन रोकने और गांव में रोजगार के अवसर पैदा करने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना की शुरु किया था लेकिन अब सरकार की गलत नीति के चलते मजदूरों को मजदूरी तक नहीं मिल रही है।

# ब्लॉक कांग्रेस का होली मिलन फाग गीतों पर झूमे कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी द्वारा ग्राम पसौद स्थित देवांगन भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के पश्चात अंतिम मतदाता सूची का वितरण भी किया गया। समारोह में फाग गीतों की धुन पर विधायक कुंवर सिंह निषाद सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर होली खेली और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी।

- विधायक कुंवर सिंह निषाद ने मतदाता सूची पर विशेष दिशा-निर्देश दिए

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि होली प्रेम, उमंग और सद्भाव का पर्व है, जो समाज में आपसी सौहार्द को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सूक्ष्मता से विश्लेषण किया जाना चाहिए और यदि कोई विसंगति रह गई हो तो आगामी अप्रैल माह में होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान उसे ठीक कराने के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया जाए। उन्होंने प्रत्येक बूथ में दो बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने के निर्देश भी ब्लॉक अध्यक्ष को दिए। जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जल्द ही मंडल एवं बूथ कमेटियों का गठन किया जाएगा और की जानकारी कार्यकर्ताओं तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बूथ प्रभारी मतदाता सूची का सूक्ष्म निरीक्षण करेंगे।

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री केशव शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजीव चौधरी, जनपद सदस्य भूपेश नायक, दुर्गा ठाकुर, टीकम बाई निषाद, गिरीश चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष जागृत सोनकर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार, बरसन निषाद, विधायक प्रतिनिधि जीवन कश्यप, मीडिया प्रभारी सागर साहू, श्रीमती सुमन सोनबोईर, इंदरचंद बाफना, सुनील गोलछा, अश्वनी खरे, कमलेश सिन्हा, फिरंगी राम देशमुख, ब्रह्मगिरी, इंद्रमण देशमुख, खिलू राम कोठारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सर्दियों में प्रवासी पक्षियों का बालोद में आगमन**

# खरखरा जलाशय में पहली बार देखा गया बार हेडेड गुस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



सर्दियो का मौसम भारत में प्रवासी पक्षियों के लिए उत्तम समय होता है। इस समय बहुतायत में भारत के विभिन्न राज्यो में प्रवास करते है।

इस वर्ष बालोद जिले के डौडीलोहारा स्थित खरखरा जलाशय में विभिन्न प्रवासी पक्षियों को देखा गया है। विकासखंड में पदस्थ सहकारिता विस्तार अधिकारी सोमेंद्र कुमार साहू द्वारा बार हेडेड गुस को खैरीडीह जलाशय में अपने कैमरे में कैद किया गया तथा पहली बार बालोद जिले में इस पक्षी की मौजूदगी को भी रिकार्ड किया गया। इस दौरान अमित दिल्लीवार और भोला साहू भी साथ में थे। श्री साहू ने बताया कि बार हेडेड गुस एक प्रवासी पक्षी है जो गर्मीयों में मध्य एशिया मंगोलिया, चीन, तिब्बत और रूस में प्रवास करते है तथा सर्दियों में भारत पाकिस्तान और म्यानमार के मैदानी इलाकों यों में आते हैं। बार हेडेड गुस जिसे सिर पर पट्टी वाला हंस भी कहा जाता है, यह पक्षी दुनिया के सबसे ऊंची उड़ने वाली पक्षियों में से एक है। यह पक्षी अपने अद्भुत शारारिक बनावट, क्षमता, सुंदरता तथा हिमालय को पार कर प्रवास करने हेतु प्रसिद्ध है। यह पक्षी हिमालय के ऊपर लगभग 25000 से 29000 फ़ीट पर उड़ सकता है जहां पर तापमान एवं दबाव अत्यंत कम होता है।यह समय इन पक्षियों में वापस अपने स्थान में जाने का समय होता है जिस दौरान अपने भोजन के संग्रह हेतु कुछ समय विभिन्न जलाशयों में व्यतीत करते है। यह पक्षी मुख्यतः जलीय पौधों का सेवन करते है तथा झुंड में पाए जाते है तथा इनका स्वभाव शांत होता है।

### जैव विविधता के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है खरखरा जलाशय

जिले के खरखरा जलाशय जैव विविधता के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है हाल ही के दिनों में जलाशय में अनेक पक्षियों ने अपना प्रवास स्थान बनाया था जिसमें रेड क्रिस्टेड पोचार्ड, कॉमन पोचार्ड, गढ़वाल, नॉर्थन पिनटेल, क्रिस्टेड ग्रेब, टफटेड डक की मौजूदगी पाई गई थी। खरखरा जलाशय के जंगलों में ग्रीन पिजन, ऑरेन्ज थ्रस , ग्रे हार्नबिल जैसे महत्वपूर्ण पक्षियों को भी रिकार्ड किया गया है साथ ही नील गाय, जंगली सुअर, भालू एवं मयूर की मौजूदगी भी सुनाई पड़ती है। इस दृष्टिकोण से इस क्षेत्र में वन्यजीव के संरक्षण की आवश्यकता है ताकि इनका अवैध शिकार ना किया जा सके। सोमेंद्र साहू एक बर्ड वाचर है जो लगातार इन क्षेत्र में पक्षियों को रिकार्ड कर रहे है तथा लोगो को इनके संरक्षण के लिए जागरूक कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### युगांतर के श्रीधर और पुलकित सीए बने

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र श्रीधर माहेश्वरी और पुलकित जैन ने सीए एक्जाम में शानदार सफलता अर्जित की है। ये दोनों छात्र सीबीएसई 12वीं बोर्ड की विद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ इस एक्जाम में भी उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। इन विद्यार्थियों ने साबित कर दिया है कि सफलता के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपनी असाधारण प्रतिभा के बल पर इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को उत्तीर्ण किया। उनकी यह उपलब्धि कई वर्षों के अनुशासन, धैर्य और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उल्लेखनीय है कि इन दोनों विद्यार्थियों ने न केवल लेखांकन सिद्धांतों की गहरी समझ का प्रदर्शन किया, बल्कि उल्लेखनीय समस्या-समाधान कौशल और विश्लेषणात्मक सोच का भी प्रदर्शन करते यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इन विद्यार्थियों ने तरूण कुमार महापात्रा, दीप्ति बिंदल, भावा रमेश, कंचन सोहल के मार्गदर्शन में यह शानदार सफलता अर्जित की। इस अवसर पर प्राचार्य मधुसूदन नायर और प्रबंध समिति ने इन विद्यार्थियों को बधाई दी।

### दर्री-अरसीटोला में विकास कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 27 लाख 60 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम दर्री में अटल सद्भावना भवन निर्माण के लिए 15 लाख एवं शेड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए तथा ग्राम अरसीटोला में सीसी रोड निर्माण के लिए 2 लाख 60 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला पंचायत सीईओ ने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### आपातकालीन सेवा अंतर्गत पैरामेडिकल स्टॉफ का प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** जिले में 102 एवं 108 के तहत पैरामेडिकल स्टॉफ एवं ईएमटी को जिला चिकित्सालय बसंतपुर राजनांदगांव में पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित की जा रही है। नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने प्रशिक्षण के तहत लाईफ सपोर्ट, रोड ट्रैफिक एक्सिडेंट, ट्रामा एवं एम्बुलेंस में डिलीवरी सहित अन्य मेडिकल इमरजेंसी के संबंध में जानकारी दी गई।

### अंतर्राष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** सीआरसी राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान व्हीलचेयर रेस, टार्गेट टॉस गेम, भाषण, नाट्य सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा सहायक उपकरणों का वितरण किया गया।

## निधन

### यशवंत कुमार सिंह ठाकुर



**गुरूर।** ग्राम खुंदनी निवासी यशवंत कुमार सिंह ठाकुर उर्फ़ कुमार सिंह ठाकुर का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज 09 मार्च को उनके पैतृक ग्राम खुंदनी गुरुर मे किया जायेगा। वे पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत ठाकुर के बड़े भाई

# महतारी सदन बना ग्रामीण महिलाओं के स्वावलंबन का नया केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा के अनुरूप ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में महतारी सदन न केवल एक भवन है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के सपनों को उड़ान देने वाला एक मजबूत आधार स्तंभ है।

■ बैठक, उत्पाद भंडारण और विक्रय की सुविधाओं से बढ़ा

जिले के गुरूर विकासखण्ड स्थित प्रसिद्ध देवस्थल राजाराव पठार ग्राम करेंझर में महतारी सदन क्षेत्र की महिलाओं के लिए स्वावलंबन और सामाजिक समरसता का प्रतीक बन चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा लोकार्पित यह सदन अब महिलाओं की रचनात्मक गतिविधियों और आर्थिक उन्नति का मुख्य केंद्र है।

## राजाराव पठार के करेंझर में महिलाओं को मिला संगठित गतिविधियों का स्थायी मंच



### स्टॉक रूम और शौचालय की सुविधा ने राह की आसानः दिनेश्वरी

बिहान से जुड़ी दिनेश्वरी साहू ने बताया कि पहले हमें बैठकों के लिए जगह की तलाश करनी पड़ती थी, जिससे काफी परेशानी होती थी। अब हमारे पास अपना स्थायी ठिकाना है। समूह के उत्पादों को रखने के लिए स्टॉक रूम और शौचालय की सुविधा ने हमारी राह आसान कर दी है। ममता निषाद और गायत्री साहू ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के इस प्रयास से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है। अब वे न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि आपसी समरसता और सामाजिक भागीदारी के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। यह सदन महिलाओं को उनके उत्पादों के प्रदर्शन और विक्रय के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान कर रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी।

क्षेत्र की महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस भव्य महतारी सदन का निर्माण किया गया है। यह सदन केवल एक बैठक कक्ष तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे एक व्यावसायिक हब के रूप में विकसित किया गया है। महतारी सदन एक व्यवस्थित बुनियादी ढांचा है जिसमें एक समर्पित कार्यालय कक्ष और बड़ा बैठक हॉल।

उत्पादों के भंडारण और विक्रय के लिए अतिरिक्त कमरा और आधुनिक रसोई घर तथा महिला एवं पुरुष प्रसाधनों की समुचित व्यवस्था की गई है। महतारी सदन के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं अब संगठित होकर अपने कौशल को निखार रही हैं। पहले बैठकों और उत्पादों को सुरक्षित रखने के लिए जगह का अभाव एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब एक ही छत के नीचे चिंतन–मनन और व्यापार दोनों संभव हो रहे हैं।

## आयोजन : मुख्य अतिथि ने की महिलाओं के योगदान की सराहना

# विधायक ने महिला सम्मेलन में दिया समानता और सशक्तिकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ग्राम कन्हारपुरी में एकीकृत महिला एवं बाल विकास सेवा

■ सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्र में नारी की भागीदारी पर जोर

परियोजना गुरूर द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि महिला को शक्ति का रूप कहा जाता है, उसमें सृजन, पोषण, सहनशीलता और अदम्य साहस होता है, यह एक ऐसा दिन है जब महिलाओं को राष्ट्रीय, जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाता है। शारीरिक संरचना में बस फर्क है, केवल शक्ति में वो पुरुषों से कम नही, वक्त पड़ने पर महिला सब कुछ कर सकती है, महिलाएं कही भी कमजोर नही, आज हर क्षेत्र में



नारी पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ रही है, राजनीति, धार्मिक, सामाजिक, खेल, विज्ञान, प्रशासन, व्यापार में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है, मै खुद घर, गृहस्थी के बाद परिवार की देख भाल कर पूरे विधानसभा की जनता के लिए लड़ाई लड़ रही हुं, इतने बड़े क्षेत्र का नेतृत्व कर रही हु, जनता के हक, अधिकारों के लिए विधानसभा में आवाज उठा रही हुं आप सब में भी वही ताकत जज्बा है। विधायक ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए हर योजनाओं को महिलाएं तक पहुंचाने का काम करे ताकि महिलाएं शसक्त और मजबूत हो सके।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू समस्त महिला जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी सहित ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के सरपंच तेजराम साहू, उत्तम साहू सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### जिपं अध्यक्ष ने महिलाओं के सशक्तिकरण और योगदान पर जोर

**गुरूर।** महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू अतिथि के रूप में उपस्थित थी। सुनीता साहू ने कहा आज महिलाएं पुरूषों के समकक्ष खड़ी हो हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के दम पर प्रदेश एवं राष्ट्र के विकास में सहभागी है। पंचायत राज में महिलाएं आज गांव गांव में महिलाएं ग्राम के विकास में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। महिलाएं ग्राम के विकास के साथ सामाजिक रूप से भी सक्रिय भूमिका निभाकर समाज को संगठित करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही हैं।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में सदस्य जनपद पंचायत गुरूर सुभद्रा ईशाप्रकाश साहू, सभापति महिला बाल विकास विभाग संध्या अजेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्गानंद साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, पूर्व सरपंच भागा बाई, जनपद सदस्य गुरूर झालेन्द्र साहू, संजय साहू, अजेन्द्र साहू, रवि साहू, प्रमोद सिन्हा, रामदयाल साहू, हेमानी साहू, मधुमति अग्रवाल, संध्या साहू, ललिता कोसरिया, रीता लहरे उपस्थित थे।

## महतारी वंदन योजना से ग्रामीण महिलाओं को मिला संबल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें हर तरह से सबल एवं सक्षम बनाने हेतु शुरू की गई महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग इलाज, घरेलु कार्य एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए करने के साथ अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा–दीक्षा दिलाने में भी कर रहीं है। राज्य शासन का यह महत्वाकांक्षी योजना जिले के आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम खलारी की ग्रामीण महिला मंजूलता एवं ग्राम बनगांव निवासी सविता टेकाम के लिए मुश्किल वक्त का सहारा बन गया है।योजना के अंतर्गत इन दोनों महिलाओं को प्रतिमाह मिलने वाली राशि का उपयोग उनके बच्चों के उच्च शिक्षा के लिए शुल्क जमा करने में मददगार साबित होकर संजीवनी साबित हो रहा है। इन दोनों महिलाओं ने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह मिलने वाली राशि उनके बच्चों के पढ़ाई–लिखाई के लिए बहुत बड़ा सहारा बन गया है।



**बच्चे के पढ़ाई–लिखाई के लिए नहीं हो रही कठिनाईः मंजूलता**
खलारी निवासी मंजूलता ने कहा कहा कि वे बहुत ही साधारण ग्रामीण परिवार की घरेलू महिला है। उनका परिवार थोड़ी सी खेती–किसानी एवं मजदूरी कर अपना जीवन–यापन करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका लड़का देवेन्द्र कुमार शासकीय महाविद्यालय कांकेर में बीएससी द्वितीय वर्ष का विद्यार्थी है। परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नही होने के कारण महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह राशि प्राप्त होने के पहले अपने बच्चों के पढ़ाई–लिखाई के लिए राशि प्रबंध करने में बहुत कठिनाई होती थी। उनका परिवार बहुत मुश्किल से अपने बच्चों की पढ़ाई–लिखाई के लिए पैसे का प्रबंध कर पाते थे। लेकिन अब प्रतिमाह खाते में 01 हजार रुपये की राशि जमा होने से उनके बच्चे के पढ़ाई–लिखाई के लिए राशि का प्रबंध करने के लिए किसी प्रकार की कठिनाई नही होती है।

### योजना ने परिवार के सपनों को मिला पंखः सविता

बनगांव की ग्रामीण महिला सविता टेकाम ने खेती–किसानी एवं मेहनत–मजदूरी का कार्य ही उनके परिवार के जीविकोपार्जन का आधार है। खराब आर्थिक स्थिति के बावजूद उन्हें और उनके बच्चों में पढ़ाई–लिखाई के प्रति उन्हें अपार लगाव है। लेकिन घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण बच्चों की पढ़ाई के लिए राशि का प्रबंध करने के लिए बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिमाह मिलने वाली राशि उनके बच्चों की पढ़ाई–लिखाई के लिए सहारा बन कर मेरे एवं मेरे परिवार के सपनों को पंख देने एवं संबल प्रदान करने का कार्य कर रहा है। इस योजना से मिले राशि का उपयोग अपनी पुत्री कुमारी सुधा टेकाम के हेल्थ केयर प्रशिक्षण के शुल्क जमा करने में किया है।

# महतारी वंदन योजना से जारी शक्ति और हुई सशक्त









**बालोद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण का एक नया अध्याय लिखा गया। प्रदेशभर में आयोजित महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेश की 68 लाख से अधिक महिलाओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके खातों में 641 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे अंतरित की।

■ मुख्यमंत्री ने 68 लाख से अधिक महिलाओं के खातों में 641 करोड़ रूपये किए अंतरित
■ महिलाओं की सफलता और स्वास्थ्य में योजना का योगदान

सम्मेलन के दौरान बालोद जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों से आईं महिलाओं ने अपनी खुशियाँ साझा कीं, जो यह दर्शाती हैं कि यह योजना केवल एक आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि महिलाओं के सपनों को पंख देने का माध्यम बन गई है। अर्जुंदा की टिकेश्वरी साहू के लिए यह योजना वरदान साबित हुई। शादी के बाद आर्थिक तंगी के कारण वे अपना पीजीडीसीए कोर्स पूरा नहीं कर पा रही थीं। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का संचय कर उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने बड़े भईया के रूप में धन्यवाद दिया।

### जिले की महिलाओं के साझा किए अनुभव

ग्राम खपरी की ननकी बाई ने बताया कि उनकी बेटी के थायराइड के इलाज में इस योजना की राशि ने बहुत मदद की। वहीं ग्राम मड़ियापार की संतोषी बाई साहू अब अपनी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए किसी पर निर्भर नहीं हैं। ग्राम चाराचार की कल्पना टंडन ने बताया कि महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग वे अपने बच्चे के स्वास्थ्य और घर की छोटी–मोटी जरूरतों को पूरा करने में कर रही हैं। जिले की इन महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना की राशि महिलाओं के सुख और दुख, दोनों समय में एक सच्चे साथी की तरह काम आ रही है।

## गीत, कविता, हास्य और योग प्रस्तुति से मनाया महिला दिवस

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर न्यायिक अधिकारियों-कर्मचारियों का हुआ सम्मान





**बालोद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिला एवं बाह्य न्यायालयों के महिला न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुख्य अतिथि श्यामलाल नवरत्न ने कहा कि आज का दिन समानता के लिये संघर्ष कर रहे नारी शक्ति का सम्मान करने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और स्नेह प्रकट करने का अवसर है। शास्त्रें में भी कहा गया है कि जहाँ नारियों की पूजा होती है, वहाँ देवताओं का वास होता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवल कर किया गया।

### गीत, कविता और नायक की दी प्रस्तुति



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सतप्रीत कौर छाबड़ा, श्रद्धा सिंह श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अंगेश्वरी गोस्वामी, स्टेनोग्राफर ने अपने विचार रखे। महिला न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा इस मौके पर गीत, कविता, हास्य एवं नाट्य की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एफटीसी ताजुद्दीन आसीफ ने कहा कि यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिये हैं। इस अवसर पर उपस्थित योग ट्रेनर डॉ. रंजिता उपाध्याय ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए महिलाओं को योग करने हेतु प्रेरित किया तथा योग के टिप्स भी बताये।

### ये रहे उपस्थित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु. भारती कुलदीप, सचिव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, डौंडीलोहारा सतप्रीत कौर छाबड़ा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, दल्लीराजहरा श्रद्धा सिंह श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी हीरा सिन्हा, होमिन लक्ष्मी साहू, प्रशासनिक अधिकारी उदेराम नेताम, देवलाल चौधरी, डिप्टीचीफ लीगल डिफेंस कौंसिल, लेखापाल सुजीत कुमार साहू, जिला नाजिर संदीप गिरी गोस्वामी, आमना बेगम, ललिता चुरेन्द्र, प्रीति साहू, नीलम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन न्यायिक मजिस्ट्रेट हीरा सिन्हा तथा होमिन लक्ष्मी साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कु. भारती कुलदीप द्वारा आभार व्यक्त किया।

# परीक्षा-परिणाम घोषित, बच्चों की मेहनत को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में बाल संस्कार शाला के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सहसंयोजक गायत्री शक्तिपीठ गुरुर डॉ गोपाल साहू, राधे श्याम सिन्हा, आचार्य रूखमती गंजीर, आचार्य सालिक राम साहू के उपस्थिति में प्रमाण पत्र वितरण किया गया। डॉ गोपाल साहू ने बाल संस्कार शाला के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी, गोपाल साहू ने सभी बच्चों को आगामी वर्श के लिए कहा कि हर रविवार को बाल संस्कार में अपना उपस्थिति प्रदान करें। सभापति डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने सभी को आने वाला वर्श में हर रविवार को संस्कार शाला में आने के लिए प्रेरित किया, सापने दोस्त एवं सहेलियों को भी लाने का प्रयत्न करेंने की बात कही। बाल संस्कार शाला में प्रथम स्थान तृप्ति साहू पिता डामेश्वर साहू, द्वितीय स्थान धनिष्ठा साहू पिता मन हरण साहू और तृतीय स्थान चूड़ामणि साहू पिता अखिलेश साहू और अन्य स्थान प्राप्त किया, उनको प्रमाण पत्र और श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार आचार्य रूखमती गंजीर ने किया।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने साझा किए अपने अनुभव

**दुर्ग।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जेवरा सिरसा में शनिवार को कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन गया। इस आयोजन में सभी बच्चों ने स्कूल से जुड़ी अपना अनुभव साझा किए। प्रधान पाठक संध्या सेंगर द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण और परीक्षा संबंधी विशेष जानकारी दी गई। सभी शिक्षक ने बच्चों को आशीष प्रदान किए। इस दौरान शिक्षक रामबाई डहरिया, कौशल्या ठाकुर, सीता मनराम, सरिता सोनी, विभु दुबे, यशु भारती सोनी उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने इस आयोजन के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया।

### चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने किया जागरूक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के टीपीएल वर्कशॉप द्वारा टीडीएस-1 के निकट फॉरेस्ट एवेन्यू अग्निशमन मुख्यालय के सामने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ। महाप्रबंधक टीपीएल शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। अभियान के दौरान संयंत्र के भीतर दोपहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, निर्धारित गति सीमा के पालन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने तथा विपरीत दिशा में वाहन न चलाने के संबंध में समझाइश दी गई। संयंत्र परिसर में हल्के वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 30 कि.मी./घंटा तथा भारी वाहनों के लिए 20 कि.मी./घंटा निर्धारित होने की पुनः जानकारी दी गई।

### टीबी मरीजों को मिला न्यूट्रिशन किट



**भिलाई।** सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में टीबी मरीजों के लिए पोषण सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अस्पताल में उपचार करा रहे मरीजों को पौष्टिक आहार और न्यूट्रिशन किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के तहत करीब 25 टीबी मरीजों को न्यूट्रिशन किट प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार टीबी के मरीजों के लिए दवाओं के साथ-साथ पौष्टिक आहार भी बेहद जरूरी होता है, जिससे उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो सके। इस अवसर पर अस्पताल के प्रभारी डॉ. पीयाम सिंह ने बताया कि टीबी मरीजों को नियमित दवा के साथ पोषण मिलना भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर मरीजों को सहयोग दिया जाता है। इस दौरान डॉ. विजयलक्ष्मी, एसटीएस मिलिंद पाटिल, एसटीएलएस भूषण लाल साहू, टीबीएचवी कविता तिवारी और दीपक यादव सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगर प्रशासन ने वार्डों का दौरा कर पेयजल व बुनियादी सुविधाओं का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही**

नगर की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने और आगामी ग्रीष्मकालीन चुनौतियों से निपटने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने शनिवार को वार्डों का सघन निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी कोमल ठाकुर, पार्षद हरीश निषाद एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। भीषण गर्मी की आहट को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष व नगर पंचायत प्रशासन ने वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 11 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड नंबर 5 में पानी की समस्या सामने आई, जिसका अध्यक्ष ने त्वरित संज्ञान लेते हुए तत्काल निराकरण करवाया। वार्ड क्रमांक 11 में बोर खनन करवाकर मोटर डलवाया गया तथा वार्ड क्रमांक 4 में बोर चोक हो गया था उसको रिबोर करने का निर्देश दिया गया। वार्ड नंबर 6, 8, 15 में बोर खनन करने, पार्षद निधि से पाइप लाइन विस्तार करने, पानी टंकी लगाने का निर्देश सीएमओ को दिया गया।

## नए बोर खनन, पाइपलाइन विस्तार और पानी टंकी की स्थापना के दिए निर्देश



### जनता को पेयजल संकट से निजात दिलाना है प्राथमिकता

आगामी जल संकट से निपटने हेतु प्रशासन ने योजनाओं पर मुहर लगाई है जिसके तहत नए बोर खनन की कार्य योजना, जरूरत के अनुसार नई पानी टंकियों की स्थापना, टैंकरों के माध्यम से सुचारू जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, विकास कार्यों और सौंदर्यीकरण का खाका व नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण स्थलों का मुआयना किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि नगर का विकास और जनता को पेयजल संकट से मुक्ति दिलाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद और अधिकारी प्रतिदिन वार्डों का दौरा सुबह 7 बजे से 9 बजे तक करेंगे। ताकि लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सुरसुली के नर्मदाधाम में भव्य कार्यक्रम, 40 महिलाएं सम्मानित

# शैक्षणिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी से प्रदेश गौरवान्वित

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा "हम हैं शक्ति, हम हैं नारी" थीम पर ग्राम सुरसुली के नर्मदाधाम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

- जनपद अध्यक्ष ने की महिलाओं के योगदान की सराहना

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष कांति प्रकाश सोनबरसा थे। वहीं जनपद सदस्य टुमन साहू, चित्ररेखा साहू और अनूपी भूआर्य विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष कांति प्रकाश सोनबरसा ने कहा कि भारत में नारी को माता का दर्जा दिया गया है और छत्तीसगढ़ को "महतारी" कहा जाता है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ से मिनीमाता लोकसभा की पहली महिला सदस्य बनी थीं, जो प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में देश की राष्ट्रपति भी महिला हैं और पंचायतों में महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जनपद सदस्य टुमन साहू ने कहा कि महिलाएं समाज की जड़ के समान हैं, जो अपने त्याग, समर्पण और मेहनत से परिवार और समाज को मजबूत बनाती हैं। आज महिलाएं सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा "लखपति दीदी" बनकर आर्थिक रूप से भी आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए रानी दुर्गावती योजना का उल्लेख किया, जिसके तहत बेटी के 18 वर्ष पूर्ण होने पर 1 लाख 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है।





**कार्यक्रम के दौरान लोगों ने सुना महतारी वंदन वृहद सम्मेलन का सीधा प्रसारण**

कार्यक्रम के दौरान बस्तर में आयोजित मुख्यमंत्री महतारी वंदन वृहद सम्मेलन का सीधा प्रसारण भी उपस्थित लोगों ने सुना। इस अवसर पर पूर्व सरपंच केशव शर्मा, जागेश्वर साहू, महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

### पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं महिलाएंः सभापति

जनपद में महिला एवं बाल विकास विभाग की सभापति अनूपी भूआर्य ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। आजीविका मिशन के माध्यम से हजारों महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं जनपद सदस्य चित्ररेखा साहू ने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना देवरी की अधिकारी अपर्णा श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह देते हुए एनीमिया और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए समय पर जांच एवं टीकाकरण कराने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 40 महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया।

# विधायक संगीता ने गुरूर महाविद्यालय के विदाई समारोह में साझा किए अनुभव और प्रेरक संदेश



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर**

संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र विधायक संगीता सिन्हा अपने विधानसभा अंतर्गत स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय के गुरूर के बिदाई समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र छात्रओं को सम्मानित करते हुए संगीता सिन्हा ने कहा कि गुरूर महाविद्यालय ब्लॉक का अग्रणी महाविद्यालय है, कॉलेज का विदाई समारोह एक भावुक और यादगार पल होता है, जो सुनहरे दिनों, दोस्ती, शिक्षकों के मार्गदर्शन और भविष्य की चुनौतियों का संगम है।

- मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को दी सफलता की शुभकामनाएं
- गुरूर महाविद्यालय के योगदान और सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर

यह समारोह वरिष्ठ छात्रओं के सफलता की शुभकामनाओं के साथ नई यात्र के लिए प्रेरित करता है, आप सब इस महाविद्यालय की यादें लेकर अन्य संस्थान में उच्च शिक्षा ग्रहण करने जाए तो यहां की शिक्षा व्यवस्था गुरुजनों के मेहनत को भी, वहां के बच्चों और स्टाफ के साथ साझा करे, कड़ी मेहनत ही सफलता की पूंजी है, आप सब इस महाविद्यालय के साथ गुरूर के भी गौरव है, आप सब पढ़ाई के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक क्षेत्र में रुचि लेकर कार्य करे और नगर, राज्य के प्रगति में अपना योगदान प्रदान करे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर अध्यक्ष डॉ किशोर साहू, महाविद्यालय विधायक प्रतिनिधि एवं महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सादिक अली, विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत गुरूर टोमन साहू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर पंचायत विधायक प्रतीति टिकेश्वर गोलू साहू, युवा नेता हिमांशु लावत्रे सहित महाविद्यालय के समस्त विभाग के स्टाफ एवं छात्र, छात्राएं उपस्थित थे।

# डौंडी लोहारा भाजयुमो मंडल की नई कार्यकारिणी से बढ़ी ताकत



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा**

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष गुलशन साहू एवं मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा के मार्गदर्शन तथा पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य देवेंद्र जयसवाल, जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा जयलाल मालेकर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डोमेन्द्र देशमुख, महामंत्री सुमेन्द देशमुख, दुष्यंत गिरी गोस्वामी एवं एकलव्य कॉलेज जन भागीदारी अध्यक्ष जसराज शर्मा की उपस्थिति में भारतीय जनता युवा मोर्चा डौंडी लोहारा मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। मंडल अध्यक्ष हिरेन्द गायकवाड़ के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। घोषित कार्यकारिणी में अभिषेक जैन और प्रकाश साहू को महामंत्री बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में दीपक थवानी, प्रिंस शर्मा और गिरधारी भुआय पावेन्द देशमुख को दायित्व दिया गया है।

- मंडल अध्यक्ष हिरेन्द गायकवाड़ के नेतृत्व में संगठन को और मजबूत बनाने के निर्देश

कोषाध्यक्ष के रूप में प्रणव साहू तथा सह कोषाध्यक्ष के रूप में तामेश साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार मंत्री पद पर दिलीप कोसमा, गोविंदा टांक और राहुल सोनकर को नियुक्त किया गया है। कार्यालय मंत्री के रूप में लोकेश दुबे तथा सह कार्यालय मंत्री के रूप में सोहन पटेल को बनाया गया है। मीडिया प्रभारी के रूप में भागवत कोठारी और सह मीडिया प्रभारी के रूप में अंकुश शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। सोशल मीडिया प्रभारी मनीष कोकिला तथा सह सोशल मीडिया प्रभारी रोहन सिन्हा बनाए गए हैं।

### ये हुए कार्यकारिणी में शामिल

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जयंत देशमुख, रूदेश साहू, आशीष हरदेल, मुकेश राजपूत, राजेश सहारे, गोपेश्वर शर्मा, रुस्तम अटल, किशन साहू, चितेश्वर पिश्दा, हेमलाल ठाकुर, तारकेश्वर प्रकाश देशमुख, गोपाल चंद्र निषाद, चंद्रकुमार और राहुल केशरवानी को शामिल किया गया है। मंडल अध्यक्ष हिरेन्द गायकवाड़ ने कहा कि नव नियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी हैं तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा व्यक्त की है।

### अर्जुन्दा के यशवंत का माय भारत युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में चयन



**बालोद/अर्जुन्दा।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय द्वारा प्रायोजित माय भारत के अन्तर्गत अंतर-राज्यीय युवा आदान-प्रदान एवं विनिमय कार्यक्रम के लिए अर्जुन्दा ब्लाक के ग्राम डुड़िया के माय भारत वालंटियर यशवंत कुमार का चयन किया गया है। इसके अंतर्गत वे मुंबई में आयोजित होने वाली गतिविधियों में भाग लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश तथा बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह कार्यक्रम 12 से 16 मार्च तक आयोजित होगा। यशवंत वर्तमान में समाजकार्य विभाग एमएस डब्लू के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र हैं। यह कार्यक्रम देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं को एक मंच पर लाकर सांस्कृतिक, सामाजिक और शैक्षणिक अनुभवों के आदान-प्रदान का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, आपसी समझ, नेतृत्व क्षमता तथा विभिन्न संस्कृतियों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर यशवंत टंडन छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और युवाओं की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करेंगे।

# पिता की पुण्यस्मृति पर बेटियों ने बांटी खुशियां



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद**

पिता की ग्यारहवीं पुण्यस्मृति के अवसर पर तीन बेटियो ने घरौंदा आश्रय गृह एवं मूक बधिर शाला उमरादाह में विशेष बच्चों के मध्य पहुंची। पिता स्व एलपी यादव के ग्यारहवें पुण्यस्मृति में उनकी तीन बेटियां जों शिक्षा विभाग बालोद में पदस्थ हैं, प्रति वर्ष उनकी स्मृति में सेवा कार्य करती है। इस वर्ष वे घरौंदा आश्रय गृह बालक एवं बालिका बालोद एवं सिवनी और मूक बधिर शाला उमरादाह में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को भोजन कराया।



इस दौरान उन्होने वहां मौजूद बच्चो के लिए यथा संभव प्रयास करने की बात कही, उन्होने कहा ऐसे बच्चो की देखभाल बहुत कठिन है, ऐसे में इनका प्रयास बहुत ही सराहनीय है, उन्होंने सभी से अपील किया कि इन बच्चों के साथ समय बिताएं, इनको सिर्फ हमारा स्नेह चाहिए, ये बच्चे छोटी छोटी चीजों से अत्यंत खुश हो जाते हैं। तीनों बेटियां पिता जी के बताये मार्ग पर चलते हुए प्रतिवर्ष कुछ न कुछ अलग करने हेतु संकल्पि हैं, इनका मानना है कि ये जो भी हैं आज सिर्फ अपने पिता की वजह से है।

### ये रहे सहभागी

इस आयोजन में मुख्य रूप से सुलोचना यादव, तेजेन्द्र यादव, दुर्गेश नंदिनी यादव, विनोदनी यादव, कादंबिनी यादव, प्रांशु यादव, साक्षी यादव, आदित्य यादव, उमेश निषाद सहभागी रहें।

### न्यौता भोज और सामाजिक सम्मान भी आयोजित

उन्होने बेटियों ने बताया पिता ने 1980 में सब के विरुद्ध जा कर हमे शिक्षा प्रदान किया, आज दो प्राचार्य बेटियां हैं। सब के विरोध के बाद भी उन्होंने दोनों को आदर्श बालक स्कूल में पढ़ाया, उस समय बहुत कम ही बालिका पढाई करती और संख्या गिनी चुनी ही थी। बेटियो ने उनकी पुण्य स्मृति में जिला स्तर पर बोर्ड परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चो का सहयोग राशि प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान, अमलीडीही स्कुल में स्वेटर दान, वृद्धाआश्रम दुर्ग में अनाज का दान, प्राथमिक शाला कलकसा एवं प्राथमिक शाला दुधली स्कुल में जूता मोजा वितरण, प्राथमिक शाला बड़गांव में स्कुल बैग का वितरण, हायर सेकेंडरी स्कूल दुधली में टिफिन वितरण,प्राथमिक शाला बनगांव। मोजा वितरण, दिव्यांग संस्थान राजिम में कपड़ा वितरण, वृद्धाश्रम में साड़ी,कम्बल एवं शाल वितरण, दुधली संकुल में संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी स्कुल में संकुल स्तरीय न्यौता भोज, सेजेस कन्नेवाडा में न्यौता भोज, धरौंदा आश्रय स्थल बालोद में कूलर दान, बालोद की समस्त सफाई दीदीयों का सम्मान किया गया है।

### निदेशक प्रभारी ट्रॉफी के विजेताओं को किया सम्मानित

**भिलाई।** संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिता डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले बीएसपी की टीमों को को इस्पात भवन में निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र द्वारा सम्मानित किया गया। डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी 2025-26 में सहायक महाप्रबंधक अरिंदम कर, वरिष्ठ प्रबंधक अनुप कुमार सिंह एवं वरिष्ठ प्रबंधक के पवन कुमार की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर मार्च में एमटीआई, रांची में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी। वरिष्ठ प्रबंधक (सीओसीसीडी) चेतन अशोक फुटाणे, वरिष्ठ प्रबंधक फिलोमिना एक्का, अजय नाथ जी पिल्लई की टीम द्वितीय उपविजेता रही।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## गायत्री शक्तिपीठ में नए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

# गायत्री शक्तिपीठ डौंडी लोहारा में ब्लॉक समन्वय समिति का पुनर्गठन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा**

गायत्री शक्तिपीठ डौंडी लोहारा में रविवार को ब्लॉक समन्वय समिति का पुनर्गठन संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन को सुदृढ़ बनाने तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां प्रदान की गईं।

- युवा चेतना, कन्या कौशल और कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय

पुनर्गठन के अंतर्गत भोला राम साहू को ब्लॉक समन्वयक, प्रेम सिंह कोलियारे को सह-समन्वयक, मिलन सिंह सिन्हा को कार्यालय प्रभारी, पीलू राम साहू को विद्या विस्तार आंदोलन संयोजक, पुराणिक सोरी को लेखा अनुदान कोष प्रभारी, वीरेंद्र कुमार बघेल को कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण संयोजक, गोवर्धन उर्वशा को ट्रस्ट प्रतिनिधि, बिसंभर बघमरिया को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संयोजक, तुलसी साहू को रचनात्मक आंदोलन संयोजक, महेंद्र बघमरिया को मीडिया एवं जनसंचार प्रभारी, केशर यदु को नारी जागृति अभियान संयोजक तथा दुष्यंत कोलियारे को युवा अभियान संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि ब्लॉक क्षेत्र में युवाओं को सही मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से आगामी अप्रैल माह में युवा चेतना शिविर, कन्या कौशल शिविर तथा कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंध ट्रस्टी मिलन सिंह सिन्हा ने किया।



### इनका रहा विशेष सहयोग

इस अवसर पर सेवा राम मंडावी, गोवर्धन उर्वशा, यादराम साहू, डॉ. दारा सिंह भौषार्य, झुमुक परसाई, कैलाश बारले, लूणकरण ठाकुर, पुराणिक सोरी, प्रज्ञानंद बघमरिया, पवन, गिरवर कोलियारे, विदेशी चौहान, शोभा मंडावी, नागदंत नेताम, मोहन चंदेल, तुलसी साहू, लता देवी साहू, नैन साहू, उर्मिला साहू, केशर यदु, कौशल्या बघमरिया, बैशाखिन बघमरिया, रेखा साहू, पद्मनी शोरी तथा शोभना देशमुख सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर 21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411